प्रादेशिक समाचार
29.08.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ सैंतीसवां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर और दूरदर्शन न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़–ऑन–एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

**********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पाकुड़ के खनन प्रभावित ग्रामीणों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने अमरापाड़ा प्रखंड के विस्थापित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। बाद में पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकर विस्थापितों को उनका हक नहीं दिला पा रही है। उन्होंने कहा कि विस्थापित परिवारों के लिए बनाये गये मकान क्षतिग्रस्त होने लगे है। श्री मरांडी ने ऐसे परिवारों को अतिरिक्त जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है।

**********************

झामुमो के केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के वित्त मंत्री को लिखे पत्र पर पलटवार किया है। उन्होंने श्री मरांडी पर गंभीर आरोप लगाया है। श्री पांडये ने कहा कि कोयला और लौह अयस्क झारखंड की खनिज संपदा है। इस पर झारखंड के उचित अधिकार और राजस्व की मांग करना कोई अपराध नहीं है। उन्होंने कहा कि खनिज झारखंड का है तो उसके लाभ में झारखंड का उचित हिस्सा भी होना चाहिए।

**********************

संताल परगना में छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो की भर्ती सुधार यात्रा जारी है। छठे दिन आज यह यात्रा पाकुड़ और साहिबगंज जाएगी। इसके बाद कल यह यात्रा गोड्डा और देवघर की ओर आगे बढ़ेगी। इससे पहले कल दुमका में यात्रा के दौरान आदिवासी छात्रों ने मजबूत समर्थन दिखाया। एसपी कॉलेज के आदिवासी कल्याण छात्रावास में छात्रों से मुलाकात कर श्री महतो ने भर्ती सुधार यात्रा और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

**********************

नीट यूजी 2026 की दूसरे चरण की काउंसलिंग का शेड्यूल मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने जारी कर दिया है। दूसरे राउंड के लिए रजिस्ट्रेशन और फीस भुगतान 3 से 8 सितंबर तक किया जा सकेगा। वहीं, चॉइस फिलिंग और लॉकिंग की प्रक्रिया 3 से 9 सितंबर तक चलेगी। सीट आवंटन का परिणाम 11 सितंबर को घोषित किया जाएगा।

**********************

लातेहार में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। स्थानीय मुरपा मोड़ के पास पुलिस ने छापेमारी कर करीब डेढ़ किलोग्राम अफीम के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी पलामू के रहने वाले हैं।

**********************

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की आज जयन्ती है। मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा मामलों और केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा है कि मेजर ध्यानचंद की 121वीं जयंती पर आज देशभर में फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है; एक नया भारत बन रहा है।

**********************

राष्ट्रीय खेल दिवस पर आज राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आईआईटी आईएसएम धनबाद में राष्ट्रीय खेल दिवस पूरे उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर फिटनेस, अनुशासन, मेहनत, लगन और खेल भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस मौके पर चार अलग–अलग वर्गों में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन में संस्थान के बड़ी संख्या में छात्रों, कर्मचारियों और उनके आश्रितों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ के विजेताओं और बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को संस्थान के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा और शंकुतला मिश्रा ने सम्मानित किया।

********समाप्त**********